**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 18.12.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

**1– प्रदेश के रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर शहरों के बीच कल से शुरू होगी नई हवाई सेवा।**

**2– प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम ने आज रायपुर और गरियाबंद जिले में दो कारोबारियों के यहां मारा छापा।**

**3– सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती पर आज प्रदेश में हो रहे हैं अनेक आयोजन–मुख्यमंत्री रायपुर, कोरबा और मुंगेली जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए।**

**4– बस्तर, रायपुर और बिलासपुर संभाग के कुछ स्थानों में कल हो सकती है हल्की से मध्यम वर्षा।**

**नई उड़ान सेवा**

केन्द्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत कल उन्नीस दिसंबर से प्रदेश के तीन शहरों – रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर को जोड़ने के लिए नई उड़ान सेवा शुरू होगी।

**यह हवाई सेवा सप्ताह में तीन दिन गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार को संचालित होगी। यात्री पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर इस विमान सेवा के लिए बुकिंग करा सकते हैं। इस नई उड़ान सेवा का शुरूआती किराया नौ सौ निन्यानवे रूपये रखा गया है। यह नई सेवा न केवल यात्रा के समय को कम करेगी, बल्कि इंटरसिटी यात्राओं को सुगम बनाएगी। इससे पर्यटन, व्यापार के अवसरों और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।**

**समाचार डेस्क, आकाशवाणी समाचार, रायपुर।**

**ईडी/जीएसटी–छापा**

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आज सुबह रायपुर के मौदहापारा में चावल कारोबारी रफीक मेमन और गरियाबंद जिले के मैनपुर में कारोबारी इकबाल मेमन के घर पर छापा मारा है। यह कार्रवाई पिछले दो वर्षों में दो करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति खरीदने को लेकर की गई है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही मैनपुर के जाड़ापदर में बनाई गई राईस मिल को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया था। यह मिल इकबाल के बेटे गुलाम मेमन की बताई जा रही है। वहीं, कोरबा में एक सीमेंट कारोबारी के कार्यालय में जीएसटी की टीम ने छापा मारा है। टीम द्वारा दस्तावेजों की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सिविल जज–तबादला/पदोन्नति**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सिविल जजों का तबादला और पदोन्नति आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक पांच सेशन और चालीस सिविल जजों का तबादला किया गया है। वहीं, बयालीस सीनियर सिविल जज जो सीजेएम रैंक के थे, उन्हें पदोन्नत कर डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशन जज बनाया गया है। प्रमोशन के साथ इनका तबादला भी किया गया ळें

**गुरू घासीदास जयंती**

सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास की आज जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज कोरबा जिले में सतनामी कल्याण समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज में व्याप्त असमानताओं और कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्य किया। उन्होंने मनखे–मनखे एक समान का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लगभग नब्बे लाख रुपए की लागत

से बनाए गए सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। साथ ही सतनामी समाज को रियायती दर पर जमीन आबंटन करने की घोषणा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सालिक निर्मल दिवाकर की पुस्तक का विमोचन भी किया। साथ ही जैतखाम की पूजा कर ध्वजारोहण में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

वहीं, मुख्यमंत्री आज मुंगेली जिले के अमरटापू में गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मुंगेली में नये महाविद्यालय और मोतिमपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा की।

**राज्य सरकार–संगठन प्रतिबंध**

राज्य सरकार ने पहले से प्रतिबंधित दो संगठनों को गैर कानूनी संगठन घोषित करते हुए एक बार फिर एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। इनमें छत्तीसगढ़ का चेतना नाट्य मंच और झारखंड का जनमुक्ति परिषद शामिल हैं। राज्य सरकार ने इन संगठनों पर विशेष जनसुरक्षा कानून के तहत रोक लगाई है। दोनों संगठन माओवादियों से संबंधित हैं। गृह विभाग के अधिकारियों के अनुसार दोनों संगठन राज्य में लंबे समय से प्रतिबंधित हैं।

**विधानसभा समाचार**

राज्य विधानसभा में शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन कल उन्नीस दिसंबर को दूसरी अनुदान मांगों पर चर्चा के साथ ही मतदान होगा। इसके अलावा वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक सदन में पेश करेंगे और इस पर चर्चा होगी। कल सदन में छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ भू–राजस्व संहिता संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ नगर पालिका संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ माल और सेवाकर संशोधन विधेयक तथा छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण संशोधन विधेयक पर भी चर्चा होगी।

**चिकित्सा संस्थान–अधिसूचना**

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य उपचार्यगृह और रोगोपचार संबंधी नियमों का सरलीकरण करते हुए चिकित्सा संस्थानों के लिए नई अधिसूचना जारी की है। अब प्रदेश में सभी दवाखानों को आवेदन के साथ निर्धारित मापदंडों का पालन करने के लिए शपथ पत्र देने पर स्वतः लाइसेंस दिया जाएगा, जिसे वे डाउनलोड कर सकते हैं। नये नियमों के अनुसार एक से दस बिस्तर तक के अस्पतालों को आवेदन के साथ मापदंडों का पालन करने के लिए शपथ पत्र देने पर लाइसेंस दिया जाएगा और तीन महीने के अंदर उन्हें मापदंडों को पूरा करना होगा। वहीं, ग्यारह से तीस बिस्तरों वाले अस्पतालों को नियमों के तहत आवेदन करना होगा तथा चिकित्सा अधिकारी द्वारा उनका तीन महीनों के अंदर अस्पताल का निरीक्षण कर लाइसेंस जारी किया जाएगा। तीस बिस्तरों वाले अस्पतालों को फायर एनओसी और बायोमेडिकल वेस्ट के अनापत्ति प्रमाण–पत्र की बाध्यता से छूट होगी। नियमों के सरलीकरण से तीस बिस्तरों तक के अस्पतालों को अब पंजीयन कराने में आसानी होगी।

**स्वास्थ्य मंत्री–तीजन बाई मुलाकात**

पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई का हालचाल जानने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज दुर्ग के गनियारी स्थित उनके निवास पहुंचे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने तीजन बाई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ओर से जारी पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया। परिवार द्वारा नौकरी की मांग किए जाने पर श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री से चर्चा करने का आश्वासन दिया। साथ ही तीजन बाई को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।

**रेलवे–पुरस्कार**

भारतीय रेलवे द्वारा इक्कीस दिसंबर को नई दिल्ली में देशभर के एक सौ एक कर्मचारियों और अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनमें रायपुर रेलमंडल के हरीश कुमार बंजारे भी शामिल हैं। आरंग के ग्राम बैहार के रहने वाले श्री बंजारे रायपुर रेलमंडल में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत् हैं। श्री बंजारे ने रायपुर–नागपुर मंडल में तीसरी लाइन रेलवे विद्युतीकरण के काम को कुशलता से कम

समयावधि में पूरा किया है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव उन्हें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। रायपुर रेलमंडल के प्रबंधक संजीव कुमार सहित रेलवे अधिकारियों ने हरीश कुमार बंजारे की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।

**मुठभेड़–ग्रामीण घायल**

नारायणपुर जिले के कलहाजा–डोंडरबेड़ा में बीते बारह दिसंबर को हुई मुठभेड़ में यह खुलासा हुआ है कि माओवादियों ने अपने वरिष्ठ कैडर कार्तिक की जान बचाने के लिए नाबालिग और ग्रामीणों को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया था। इस दौरान माओवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में चार नाबालिग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों को माओवादियों ने सामान ढोने के लिए अपने साथ रखा था और मुठभेड़ के दौरान इन्हीं ग्रामीणों की आड़ लेकर सुरक्षा बलों पर फायरिंग की गई थी। घायल ग्रामीणों के बेहतर इलाज के लिए उचित व्यवस्था की जा रही है।

गौरतलब है कि कलहाजा–डोंडरबेड़ा में बीते बारह दिसंबर को हुई मुठभेड़ में दो महिला सहित सात माओवादी मारे गए थे। इनमें पच्चीस लाख रूपये के इनामी ओडिशा स्टेट कमेटी के सदस्य कार्तिक उर्फ दसरू और उसकी टीम के अन्य सदस्यों के शव बरामद हुए थे।

**बंधक मजदूर–वापसी**

बलौदाबाजार जिला प्रशासन द्वारा संचालित सम्पर्क केंद्र के माध्यम से महारष्ट्र में बंधक बनाए गए सत्ताईस मजदूरों की सकुशल घर वापसी हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मजदूरी कराने के नाम पर बलौदाबाजार जिले के परसाभदेर गांव के सत्रह और बिलासपुर जिले के दस मजदूरों को महाराष्ट्र में बंधक बनाकर रखा गया था। सम्पर्क केन्द्र ने पुलिस और श्रम विभाग के साथ मिलकर तेरह दिसम्बर को इन मजदूरों को मुक्त कराया और पंद्रह दिसंबर को इनकी सकुशल घर वापसी हुई। सोमवार को इन मजदूरों ने बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी से भेंटकर उनका धन्यवाद किया।

**मौसम**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल और परसों बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों के साथ ही रायपुर और बिलासपुर संभाग के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, इक्कीस दिसंबर को रायगढ़ और उससे लगे जिलों में हल्की वर्षा हो सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

– रायपुर जिले के नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया कल उन्नीस दिसंबर को सुबह ग्यारह बजे से जीई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन में होगी।

– राज्य सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रायपुर में 'खुशहाल एक साल' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कल यह कार्यक्रम मरीन ड्राईव में हुआ। वहीं, आज कटोरा तालाब उद्यान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

– दुर्ग पुलिस ने होटलों और लॉज की जांच के दौरान पुलिस वेरीफिकेशन नहीं कराए जाने के कारण मैनेजर सहित अट्ठाईस लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>